# जैविक खेती सूचना पत्र

# Organic Farming Newsletter


| वर्ष ५ | अंक ३ | सितम्बर २००९ |
|---|---|---|
| **Vol 5** | **No. 3** | **September 2009** |






## From Editors Desk

Dear Readers

With the phenomenonal growth in organic agriculture India is now among the top nations in the world in terms of total arable land, total number of farmers and organic cotton production. India now accounts for more than 50% of the organic farmers and 50% of the total organic cotton production in the world. The growth in area and increasing inclination of farmers, necessisates improved technologies not only for better productivity, but also for better quality. Lack of value addition facilities and non-availability of market linkages to most of the farmer groups are new emerging challenges. The present issue describes a farmer's perfected management approach. Developments at two international conferences at Bangalore are added attraction. Huge participation in these conferences is an indication of its growing importance. Partcipation by large number of scientists in validation, research and technology development is a new ray of hope. Developments are really encouraging and indicates towards a bright furure for organic agriculture

A.K. Yadav

# Organic Farming System An Integrated Approach

Ashok Kumar Yadav
National Centre of Organic Farming
Ghaziabad

**Introduction**

Organic agriculture has grown out of the conscious efforts by inspired people to create the best possible relationship between the earth and men. Since its beginning the sphere surrounding organic agriculture has become considerably more complex. A major challenge today is certainly its entry into the policy making arena, its entry into anonymous global market and the transformation of organic products into commodities. During the last two decades, there has also been a significant sensitization of the global community towards environmental preservation and assuring of food quality. After initial reluctance organic agriculture is now again being embraced by the mainstream and shows great promise commercially, socially and environmentally. While there is continuum of thought from earlier days to the present, the modern organic movement is radically different from its original form. It now has environmental sustainability and productivity at its core in addition to the founders concerns for healthy soil, healthy food and healthy people.

**Growing Crops under Organic Management**

**Philosophy -** Organic farming package is an integrated approach, where all aspects of farming systems are interlinked with each other and work for each other. A healthy biologically active soil is the source of crop nutrition, on-farm biodiversity controls pests, crop rotation and multiple cropping maintains the system's health and on-farm resource management with integration of cattle ensure productivity and sustainability. Organic management stresses on optimization of resource use and productivity.

**Management Principals -** A living soil is the basis of organic farming. A live, healthy soil with proper cropping patterns, crop residue management and effective crop rotation can sustain optimum productivity over the years, without any loss in fertility. Organic farming envisages a comprehensive management approach to improve soil health, the ecosystem of the region and the quality of produce. It includes all agricultural systems that promote environmentally sound production of food and fibres. These systems take local soil fertility as a key to successful production, by respecting the natural capacity of plants, animals and the landscape; they aim to optimize quality in all aspects of agriculture and environment. A living soil can be maintained by continuous incorporation of crop and weed biomass, use of animal dung, urine-based manures (FYM, NADEP, vermicompost), biofertilisers and bioenhancers, special liquid formulations (like vermiwash, compost tea etc) during a crop's duration.

As a thumb rule, crop residues should be returned to the plot, directly or indirectly. Cattle droppings may be returned to the field as compost. As a strategy, the quantity of biomass removed for human food and fiber, cattle feed or firewood from an organic farm should be replaced with any other bio-waste on the farm. But it is important to account for it for preparing the balance sheet of nutrients for each crop being cultivated on the farm. In phosphorous-deficient and acidic soils, some

# जैविक खेती प्रबंधन एक समन्वित मार्ग

अशोक कुमार यादव
राष्ट्रीय जैविक खेती केन्द्र
गाजियाबाद

## परिचय

पृथ्वी, मानव व पर्यावरण के बीच मधुर, परस्पर लाभदायी तथा दीर्घायु संबंधों की अवधारणा को आधार बनाकर आज की जैविक खेती की परिकल्पना की गई। समय के बदलते स्वरूप के साथ जैविक खेती अपने प्रारंभिक काल के मुकाबले अब और अधिक जटिल हो गई है और अनेक नये आयाम अब इसके प्रमुख अंग हैं। जैविक खेती का नीति निर्धारण प्रक्रिया में प्रवेश तथा अंर्तराष्ट्रीय बाजार में उत्कृष्ट उत्पाद के रूप में पहचान इसकी बढ़ती महत्ता का प्रतीक है। विगत दो दशकों में विश्व समुदाय में खाद्य गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ पर्यावरण को स्वस्थ रखने हेतु जागरूकता बढ़ी है। शुरूआती हिचकिचाहट के बाद जैविक खेती अब विकास की मुख्य धारा से जुड़ रही है और भविष्य में आर्थिक, सामाजिक तथा पर्यावरणीय सुरक्षा के नये आयाम सुनिश्चित कर रही है। हालाँकि प्रारंभिक काल से अब तक जैविक खेती के अनेक रूप प्रचलित हुए हैं परन्तु आधुनिक जैविक खेती अपने मूल रूप से विल्कुल अलग है। स्वस्थ मानव, स्वस्थ मृदा तथा स्वस्थ खाद्य के साथ अधिक उत्पादन व टिकाऊ वातावरण के प्रति संवेदनशीलता आज इसके प्रमुख बिन्दु हैं।

## जैविक खेती प्रबंधन

**अवधारणा** – जैविक खेती प्रबंधन एक ऐसा समन्वित मार्ग है जहाँ खेती के समस्त अवयवों की प्रणालियाँ परस्पर एक-दूसरे से सम्बद्ध हैं तथा एक-दूसरे के लिए कार्य करती है। जैविक रूप से स्वस्थ एवं सक्रिय भूमि फसल पोषण का स्रोत है तथा खेत की जैव विविधता द्वारा नाशीजीव नियंत्रण होता है। फसल चक्र तथा बहु फसलीय कृषि प्रणाली मृदा स्वास्थ्य को बनाये रखती हैं। खेत पर उपलब्ध संसाधनों का प्रयोग तथा पशुधन समन्वय, उत्पादकता तथा स्थायित्व सुनिश्चित कराते हैं। जैविक प्रबंधन स्थानीय स्रोतों के अधिकतम् उपयोग तथा उत्पादकता पर बल देता है।

**प्रबंधन सिद्धांत** – जीवंत मृदा जैविक खेती का प्रमुख आधार है। जीवंत व स्वस्थ मृदा के साथ उपयुक्त फसल चयन, फसल अवशिष्ट प्रबंधन तथा फसल चक्र अपनाकर बिना किसी उर्वरता ह्रास के लम्बे समय तक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। जैविक खेती की समन्वित प्रबंधन प्रक्रिया द्वारा मृदा का अक्षुण्ण स्वास्थ्य, उपयुक्त पारिस्थितिकी तथा स्वस्थ खाद्य उत्पादन सुनिश्चित किया जा सकता है। इस विधा में वे सभी कृषि प्रणालियाँ शामिल हैं जिनसे पर्यावरण संरक्षण के साथ स्वस्थ खाद्य व रेशे प्राप्त हों। इस विधा की सफलता में स्थानीय मृदा उर्वरता, पौधों व पशुओं की प्राकृतिक क्षमता तथा भूदृष्य इत्यादि को उचित सम्मान देते हुए कृषि तथा पर्यावरण के सभी अंगों के उचित विकास को महत्व दिया जाता है। पौध व खरपतवार अवशिष्ट को वापस मिट्टी को लौटाकर जीवंत मृदा का निर्माण व संधारण किया जाता है। पशु मल व मूत्र आधारित खाद, जैव उर्वरक, जैविक उत्प्रेरक, द्रवीय जैविक उत्पाद जैसे वर्मीवाश, कम्पोस्ट अर्क इत्यादि का प्रयोग भी मृदा उर्वरता संधारण में सहायक है।

जैविक खेती के मूल नियमानुसार फसल अवशिष्ट को सीधे या अपरोक्ष रूप में मिट्टी को लौटाना आवश्यक है। पशुमल को खाद बनाकर प्रयोग किया जा सकता है। नियमानुसार यह भी आवश्यक है कि जितना जैव अंश फसल उत्पाद, धान्य, चारा या लकड़ी इत्यादि के रूप में उत्पादित किया जाये उतना ही जैव अंश किसी अन्य रूप में भूमि को लौटा दिया जाये। प्रत्येक फसल के लिए पोषकों की उपलब्धता के लिए इसका लेखा-जोखा रखना आवश्यक है। अम्लीय तथा फास्फोरस की कमीं की अवस्थाओं में खनिज चूना या रॉक फास्फेट का प्रयोग किया जा सकता है। जैव उर्वरकों के प्रयोग से कम्पोस्ट खाद को समृद्ध किया जा सकता है। कुछ विशिष्ट आदान जैसे जैवगतिकीय कम्पोस्ट,

quantity of mineral grade rock phosphate and lime can also be added either by direct application to the field or through addition to compost. The compost can be further enriched by incorporation of biofertilisers, microbial inoculants, etc. Special composts like biodynamic compost, cowpat pit compost, biodynamic preparations such as BD-500 and BD-501, special formulations like Panchgavya, Dashgavya, Biosol etc are also useful and ensure optimum productivity. Use of EM formulation has also been found effective in soil enrichment and compost making. For high nutrient demanding crops and for intermittent soil enrichment use of oilcakes, poultry manure, concentrated manures (mixture of oil cakes, poultry manure and rock phosphate) can also be an ideal low-cost option of manuring.

**Important steps**

While turning towards organic it is essential that the basic requirements of the system and the area are properly understood and long term strategies are addressed first. In most part of the country poor soil health due to loss of organic matter and soil microbial load is a major problem. Reducing water availability and increasing temperature is further adding to the problems. Too much dependence on market for supply of inputs and energy has made the agriculture a cost intensive high input enterprise with diminishing returns. We need to address all these concerns and develop a system which is not only productive and low cost but also resource conserving and sustainable for centuries to come. To start with, following parameters need to be addressed in first stage

- Enrichment of soil
- Management of temperature
- Conservation of rain water
- Maximum harvesting of sun energy
- Self reliance in inputs
- Maintenance of natural cycles and life forms
- Integration of animals
- Maximum reliance on renewable energy sources, such as solar power and animal power

**How to achieve**

1. **Enrichment of soil** – Abandon use of chemicals, use crop residue as mulch, use organic and biological fertilizers, adopt crop rotation and multiple cropping, avoid excessive tilling and keep soil covered with green cover or biological mulch.
2. **Management of temperature** - Keep soil covered, Plant trees and bushes on bund
3. **Conservation of soil and rain water** – Dig percolation tanks, maintain contour bunds in sloppy land & adopt contour row cultivation, dig farm ponds, maintain low height plantation on bunds.
4. **Harvesting of sun energy** – Maintain green stand throughout the year through combination of different crops and plantation schedules.
5. **Self reliance in inputs** – Develop your own seed, ensure on-farm production of compost, vermicompost, vermiwash, liquid manures and botanical extracts.
6. **Maintenance of life forms** – Develop habitat for sustenance of life forms, never use pesticides, create enough diversity.
7. **Integration of animals** – Animals are important components of organic management and not only provide animal products but also provide enough dung and urine for use in soil.
8. **Use of renewable energy** – Use solar energy, bio-gas and bullock driven pumps, generator and other machine.

**Developing organic farm**

As organic management is an integrated approach, manipulation and adoption of one or few steps may not yield significant results. For optimization of productivity all the essential components need to be developed in a systematic manner. These steps include: (i) Habitat development, (ii) on-farm facilities for input production (iii) cropping sequence

काउपैट पिट कम्पोस्ट जैव गतिकीय उत्पाद जैसे बी.डी. ५०० व बी.डी. ५०१, पंचगब्य, दशगब्य बायोसोल इत्यादि उचित फसल उत्पादन में सहायक हैं। प्रभावी सूक्ष्म जीव उत्पाद (ई.एम.) मृदा व कम्पोस्ट संवर्धन में मद्द करते हैं। अधिक पोषण माँग वाली फसलों तथा समय-समय पर मृदा संवर्धन हेतु खलियों, मुर्गी खाद, सांद्र जैविक खाद (खली, मुर्गी खाद तथा रॉकफास्फेट मिश्रण) का उपयोग भी अच्छा विकल्प है।

**प्रमुख चरण**

जैविक परिवर्तन हेतु आवश्यक है कि प्रक्रिया एवं स्थान विशेष की मूलभूत आवश्यकताओं को ठीक से समझा जाये तथा दीर्घावधि योजना बनाई जाये। देश के अधिकांश भागों में मिट्टी में जैव कार्बन तथा सूक्ष्मजीव अंश के ह्रास से मिट्टी के स्वास्थ्य में लगातार गिरावट आ रही है। घटती जल उपलब्धता तथा बढ़ता तापक्रम समस्याओं को और भी जटिल बना रहे हैं। बाजार से क्रय किए जाने वाले आदानों तथा ऊर्जा खर्च ने कृषि को ऐसे उद्यम में बदल दिया है जिसमें उत्पादन लागत बढ़ती जा रही है और लाभ निरंतर घट रहे हैं। वक्त आ गया है कि अब इन सभी समस्याओं का निदान कर ऐसी प्रक्रिया स्थापित किया जाये जो उत्पादनक्षम् होने के साथ-साथ कम खर्चीली, संसाधनों का संरक्षण करने वाली तथा दीर्घावधि टिकाऊ हों। इसके लिए निम्न बिंदुओं पर ध्यान देना आवश्यक है।

**महत्वपूर्ण बिन्दु**

- मृदा की समृद्धशीलता
- तापक्रम प्रबंधन
- वर्षा जल का संधारण
- सूर्य ऊर्जा का अधिकतम् उपयोग
- आदानों (Inputs) में आत्मनिर्भरता
- प्राकृतिक चक्र एवं जीव स्वरूपों की सुरक्षा
- पशुओं का समन्वय तथा पशु शक्ति व स्थानीय स्रोतों पर अधिकाधिक निर्भरता

**कैसे प्राप्त करें?**

१. **मृदा समृद्धशीलताः-** रासायनिक आदानों (Inputs) के प्रयोग को नकारते हुए अधिकाधिक फसल अवशेष का उपयोग, जैविक तथा जैव खाद का प्रयोग, फसल चक्र तथा बहुफसलीय प्रणाली का अपनाया जाना, अधिक व गहरी जुताई का त्याग तथा मृदा को सदा जैविक पदार्थों या पौध अवशेषों से ढ़क कर रखना (मल्चिंग)।

२. **तापक्रम प्रबंधनः-** मृदा को ढ़क कर रखना तथा खेत की मेढ़ों पर वृक्ष तथा झाड़ियाँ लगाना।

३. **मृदा, जल को सुरक्षित रखनाः-** जल संधारण गड्ढे खोदना, मेंढ़ की सीमा-रेखा का रख-रखाव करना, ढ़लवाँ भूमि पर कन्टूर खेती करना, खेत में तालाब बनाना तथा मेढ़ों पर कम ऊँचाई वाले वृक्षारोपण करना।

४. **सूर्य ऊर्जा उपयोगः-** विभिन्न फसलों के संयोजन तथा पौध रोपण कार्यक्रम के माध्यम से पूरे वर्ष हरियाली बनाये रखें।

५. **आदानों में आत्मनिर्भरता**- अपने बीज का स्वयं विकास करें। कम्पोस्ट, वर्मी कम्पोस्ट, वर्मीवाश, तरल खाद तथा पौधों के सत/अर्क का फार्म पर उत्पादन करें।

६. **प्राकृतिक चक्र तथा जीव स्वरूपों की रक्षाः-** पक्षी व मित्र कीटों के जीवन यापन हेतु प्राकृतिक स्थान का विकास। कीटनाशी रसायनों के प्रयोग पर प्रतिबंध तथा जैवविविधता निर्माण।

७. **पशुधन समन्वयः-** जैविक प्रबंधन में पशु एक महत्वपूर्ण अंग हैं जो पशु उत्पाद ही उपलब्ध नहीं कराते बल्कि मृदा को समृद्ध करने हेतु पर्याप्त गोबर तथा मूत्र भी उपलब्ध कराते हैं।

८. **प्राकृतिक ऊर्जा उपयोगः-** सूर्य ऊर्जा, बायो गैस, बैल चालित पंप, जेनरेटर तथा पशुचालित अन्य यंत्रों का प्रयोग।

**जैविक फार्म का विकास**

जैविक प्रबंधन एक समन्वित प्रक्रिया है। एक या कुछ बिन्दु अपनाकर पर्याप्त परिणाम प्राप्त नहीं किये जा सकते हैं। उपयुक्त उत्पादन हेतु सभी आवश्यक बिंदुओं के क्रमबद्ध विकास की आवश्यकता है। ये अंग हैः-

१. जन्तु/पक्षी व पौधों के प्राकृतिक आवास का विकास व निर्माण।
२. आदानों के उत्पादन हेतु फार्म पर सुविधायें।
३. फसल क्रम तथा फसल परिवर्तन योजना।

and combination planning, (iv) 3-4 year rotation plan and (v) growing of crops suiting to the region, soil and climate.

**Development of farm facilities and habitat**

**Infrastructure** – Reserve 3-5% of farm space for utilities, such as space for cattle, vermicompost bed, compost tank, Vermiwash/ compost tea unit etc. 5-7 trees should be planted only on this space, as all utility infrastructure need shade. Irrigation well, water pumping infrastructure etc can also be in this utility area. Dig some percolation tanks (7x3x3mt or of any other size depending upon the rainfall and run-off pattern) for rain water conservation (1 pit per ha) at appropriate places depending upon slope and water flow. If possible develop a farm pond of preferably 20x10 mt size. Keep few 200 lit tanks (1 per acre) for liquid manure preparation and few containers for botanicals. For 5 acre farm, develop 1-2 vermicompost beds, 1 NADEP tank, 2 biodynamic compost beds, 2-3 compost tea/ vermiwash units, 5 liquid manure tanks, five cowpat pits and one underground cattle-urine collection tank. Efforts should also be made to produce sufficient quantities of BD-500 (cow horn manure) and BD-501 (cow horn silica). 10-12 horn products are sufficient for 5 acre farm. Use of biodynamic compost prepared with the use of BD-502-507 has also been found to be very effective.

**Habitat and biodiversity**- Management of an appropriate habitat for sustenance of different life forms is an essential component of organic farming. This can be achieved by ensuring crop diversity and by maintaining a wide variety of trees and bushes as per climatic suitability. These trees and bushes will not only ensure the nutrients from air and deep soil layers to surface layer but also attract the birds and predators, friendly insects and also provide the food and shelter. There may be some loss of productivity due to shading effect but that loss can be compensated with reduced pest problems and natural biological pest control system. In the plains, for a 10-acre farm, plant at least five to six neem trees (*Azadirachta indica*), one to two tamarind (*Tamarindus indica*), two gular (*Ficus glumerata*), eight to ten ber (*Zizyphus* Sp) bushes, one to two aonla (*Emblica officinalis*), one to two drumstick and 10–15 wild bushes.

More specifically, if we classify areas into wet and dry farms, then on the wet farms there should be five to six neem trees, one to two wood apples, one to two star fruit, eight to ten guava or sour soap, three to four drumstick, one to two fig and 10–15 bushes of mulberry, star gooseberry, curry leaf etc, and on the dry farms there must be at least five to six neem, one to two bael fruit, eight to ten ber or custard apple, one to two aonla , one to two drumstick and 10–15 bushes of sasaka, nirgundi (*Vitex negundo*), *Cassia auriculata*, *C. tora*, etc.

In hilly areas, *Alnus nepalensis* is considered to be a wonder tree as it fixes good amount of nitrogen. It is being promoted in a cropping system mode particularly in northeastern India. Bushes of Prunus, oak (*Quercus glauca*), Pinus species along the farm boundary and yarrow (*Achillea millifolium*), buck wheat (*Fagopyrum esculentum*), lupin (*Lupinus sativus*), Himalayan stinging nettle (*Urtica parviflora*), marigold, etc., in between the plots invite a lot of predators and also attract a large number of pests.

Fruit orchards also need to maintain adequate diversity with at least 3-5 types of fruit plants and few non-fruit trees (as listed above).

Major and minor plots should be separated by bunds about 1.5m wide and should be planted with Glyricidia, perennial Sesbania (jayanti), Leucaena leucocephala, Cassia siamea, etc. The internal hedgerow should consist of perennial pigeon pea, Crotalaria, seasonal Sesbania, etc. Lops from these trees will provide enough quantity of biologically fixed nitrogen.

३-४ वर्षीय फसल चक्र नियोजन।

५. जलवायु, मृदा व क्षेत्र की उपयुक्तता पर आधारित फसलों का चयन।

## सुविधाओं का निर्माण

३ से ५ प्रतिशत स्थान पशुधन के लिए, वर्मी कम्पोस्ट शैय्या, कम्पोस्ट टैंक, वर्मीवाश/कम्पोस्ट चाय इकाई आदि हेतु सुरक्षित (Reserve) करें। सिंचाई कुँआ, पम्पिंग सैट आदि का ढ़ाँचा भी इस क्षेत्र में हो सकता है। चूँकि इन सभी सुविधाओं हेतु छाया की आवश्यकता है अतः इस स्थान पर ५ - ७ वृक्ष लगाने चाहिए। पानी के बहाव तथा भूमि के ढ़लान पर निर्भर करते हुए कुछ जल शोषण टैंक (7x3x3 मी.) वर्षा जल के संधारण हेतु (एक टैंक प्रति हेक्टेयर की दर से) उचित स्थानों पर बनायें। यदि संभव हो तो 20x10 मीं. माप का एक तालाब भी फार्म पर बनायें। तरल खाद हेतु २०० ली. क्षमता के कुछ टैंक तथा कुछ पात्र वानस्पतिक सत हेतु तैयार करें। ५ एकड़ के फार्म हेतु १-२ वर्मी कम्पोस्ट शैय्या, एक नादेप टैंक, २ जैवगतिकीय कम्पोस्ट शैय्या २-३ कम्पोस्ट अर्क/वर्मीवाश इकाईयाँ, ५ तरल खाद टंकियाँ, ५ काउपैट पिट, एक गोमूत्र संग्रहण टंकी उपयुक्त मात्रा में बी.डी. ५०० तथा बी.डी. ५०१ जैव गतिकीय आदान उत्पादन की भी व्यवस्था करनी चाहिए। ५ एकड़ फार्म हेतु १०-१२ सींग उत्पाद पर्याप्त हैं। जैव गतिकीय कम्पोस्ट ( बी.डी. ५०२ - बी.डी. ५०७ का प्रयोग कर) का उत्पादन व प्रयोग भी प्रभावी पाया गया है।

## आवास एवं जैव विविधता निर्माण

विभिन्न जैव रूपों के पोषण एवं संधारण हेतु आवास निर्माण जैविक खेती का एक प्रमुख अंग है। प्राकृतिक अनुकूलता के अनुसार विभिन्न प्रकार के वृक्ष, झाड़ियों, विभिन्न प्रकार की फसलों इत्यादि का समावेश कर आवास निर्माण किया जाता है। इन वृक्षों व झाड़ियों द्वारा न केवल मित्र कीटों व पक्षियों का आवास निर्माण होता जो कीट प्रबंधन में सहायक है वरन् भूमि की गहराइयों से प्राप्त पोषक तत्व तथा वायुमंडलीय नत्रजन भी भूमि की ऊपरी सतह पर प्राप्त होते हैं। इनकी उपस्थिति से जो छाया होगी हो सकता है उससे उत्पादकता पर कुछ असर पड़े परंतु इनके द्वारा नाशीजीव प्रबंधन में दिये योगदान से उस घाटे की पूर्ति हो जायेगी।

मैदानी क्षेत्रों में १० एकड़ फार्म हेतु ५-६ नीम (*Azadirachta indica*), १-२ इमली (*Tamarindus indica*), ०२ गूलर (*Ficus glumerata*), ८-१० बेर (*Zizyphus* Sp), १-२ ऑवला (*Emblica officinalis*), १-२ सैंजना (Drum stick) तथा १०-१५ विभिन्न प्रकार की झाड़ियाँ लगायें।

यदि नम व शुष्क क्षेत्रों की बात करें तो नम क्षेत्रों में ५-६ नीम, १-२ बुड ऐपल (Wood apple), १-२ स्टार फल (Star fruit), ८-१० अमरूद या रीठा, ३-४ सैंजना, १-२ अंजीर (Fig) तथा कढ़ी पत्ता नीम तथा १०-१२ शहतूत के वृक्ष लगायें, शुष्क क्षेत्रों में ५-६ नीम, १-२ बेलपत्र (Bael fruit), ८-१० बेर या सीताफल (Custard apple), १-२ ऑवला, १-२ सैंजना तथा १०-१२ ससका, निर्गुंडी (Vitex nigundo), केसिया आरिकुलेटा (Cassis auriculata) व केसिया टोरा (Cassia tora) की झाड़ियाँ लगायें।

पहाड़ी क्षेत्रों में एलनस नेपालेन्सिस (Alnus nepalensis) सबसे उपयुक्त नत्रजन स्थिरीकरण वृक्ष है। उत्तर-पूर्वी पहाड़ी क्षेत्रों में इसका बड़े पैमाने पर हरी पत्ती खाद के रूप में प्रसार किया जा रहा है। इसके अलावा प्रुनस की कुछ प्रजातियाँ, ओक, यैरो, बक-गेहूँ, Lupin, गेंदा तथा Stinging Nettle इत्यादि को भी मेढ़ों पर लगाया जा सकता है।

फल उद्यानों में भी जैव विविधता का विशिष्ट ध्यान रखा जाना चाहिए तथा कम से कम ३-५ प्रकार के फल व अन्य वृक्षों (उपरोक्तानुसार) का मिश्रण रखना चाहिए।

सभी मुख्य मेढ़ों पर १.५ मी. चौड़ी पट्टी में ग्लिरिसिडिया, बारहमासी सेस्बेनिया (ढ़ैंचा) सुबसूल केसिया इत्यादि लगायें। आंतरिक मेढ़ों पर बारहमासी अरहर, क्रोटोलेरिया तथा ढैंचा के पौधे लगायें। समय-समय पर इन पौधों की पत्तियाँ इत्यादि तोड़कर खेत में डालते रहें इनसे अच्छी मात्रा में जैविक नत्रजन की उपलब्धि होती रहेगी।

ग्लिरीसिडिया पंक्ति के बीच में कीटनाशक मूल्य के पौधे जैसे एडेथोडा (Adathoda), निर्गुन्डी (Vitex nigundo), आक (Calotropis sp), धतूरा (Datura alba) तथा बेशरम

In between *Glyricidia/Sesbania* rows insert few plants of pesticidal value such as *Adathoda vesica, Vitax nigundo, Calotropis, Datura alba, Ipomea* (Besharam) etc. Surrounding the farm or garden, there should be hedgerows or a live fence of coppiced or pollarded, multipurpose, deep-rooted trees and shrubs and medicinal herbs such as Adathoda vasica, Vitex negundo, Jatropha curcas, etc. Ecological diversity is an essential component of any successful organic farming system.

Trees on utility space can be allowed to grow fully. Trees and bushes on farm bunds should be placed randomly at sufficient distance and pruned at repeated intervals.

A 400 mt long Glyricidia strip can provide 22.5 kg N/ha per year from the year 3 and up to 77 Kg N/ha from year 7 under rainfed conditions. This can be 75-100% higher under irrigated conditions. Three to four harvests can be made under irrigated conditions and two harvests under unirrigated conditions. Never allow them to grow above 5.5 ft to avoid shading effect. Lopping is used as green leaf manure. Simply harvest them and incorporate in soil before sowing or use as mulch.

**Conversion of soil to organic**

**Banning of chemicals-** It is widely known fact that some biological processes of plants involved in acquiring nutrients such as nitrogen e.g. $N_2$ fixation are generally inhibited by adding Nitrogen fertilizer. Soil scientists generally caution against non-judicious fertilizer use and encourage use of organic compost otherwise it may lead to deficiency of micronutrients. Therefore in organic farming systems there is no place for chemicals.

**Low input alternative** - In first year simultaneously sow three different types of legumes in strips, first of 60 days (like moong), second of 90-120 days (Cow pea or soybean) and third of more than 120 days (red gram) in strips. Apply mixture of Compost and vermicompost (2:1) @ 2.5 ton per acre enriched with 4 kg Azotobacter and 4 kg PSB biofertilizers or 4 kg consortia of customized cultures as basal dose at the time of sowing preferably in furrows below the seeds. Seeds of legumes should be treated with crop specific strains of Rhizobium biofertilizer. Mulch the entire surface with a thick layer of biological mulch and drench the biomass with Jivamrut @ 200 lit per acre. Seedlings will emerge from this layer. If soil is poor in phosphorus then apply 300 kg of low grade mineral rock-phosphate along with the compost. Apply second dose of Jivamrut after 25-30 days of sowing with irrigation water or during rains.

To add to diversity 100 plants/ acre of marigold or Hibiscus subdarifa may be planted randomly through out the field. Few seedlings of vegetables such as chillies, tomato, brinjal, etc and rhizomes of turmeric, ginger etc can be planted randomly for home consumption.

Harvest the pods/ fruits and use remaining biomass for mulch and drench with Jivamrut. Sow short duration leafy vegetables (such as fenugreek or spinach) in the space vacated by the first and second crop and mulch the surface with treated biomass. Harvest leafy vegetable and grains and incorporate remaining biomass in the soil at appropriate time.

In next season apply compost-vermicompost mixture @ 2.5 ton/ha and sow cereal crop with legume as inter or companion crop. After harvest use entire legume and remaining part of cereal crop as mulch. If irrigation facilities are there, take summer legume with some vegetable crop. Recycle entire residue as mulch. Use 3-4 application of liquid manure (such as Jivamruta) during each cropping season for soil application. Now the soil is ready for high value horticultural crops.

(Ipomea) इत्यादि पर्याप्त अंतराल से लगायें तथा समय-समय पर कटाई छँटाई करते रहें। फार्म के चारों तरफ मुख्य बाउंड्री पर कम फासले से ग्लिसीरीड़िया के पौधे लगाने चाहिए। फार्म के चारो तरफ की बाढ़ में बहुउपयोगी, गहरी जड़ वाले पौधे तथा झाड़ियाँ व औषधीय गुण पौधे जैसे ऐडेथोडा, निर्गुण्डी, रतनज्योत (Jatropha) इत्यादि उपयुक्त हैं। किसी भी प्रकार की जैविक खेती की सफलता में जैव विविधता का प्रमुख स्थान है।

सुविधास्थल पर लगाये वृक्षों को बढनें दें। अन्य मेंढ़ों पर वृक्षों व झाड़ियों को फैलाकर दूर-दूर लगायें तथा समय-समय पर उनकी कटाई-छंटाई करते रहें।

तीसरे वर्ष से ग्लिरीसिडिया की ४०० मीटर लंबी पट्टी २२.५ कि.ग्रा. नत्रजन/प्रति है. तथा सातवें वर्ष से ७७ कि.ग्रा. नत्रजन/है. प्रतिवर्ष उपलब्ध करा सकती है। यह मात्रा सिंचित दशाओं में ७५ से १०० प्रतिशत अधिक हो सकती है। सिंचित दशा में ३-४ बार तथा असिंचित दशा में २ बार कटाई छंटाई की जा सकती है।

छाया का कुप्रभाव रोंकने हेतु इन पौधों को साढे पाँच फुट से अधिक कभी न बढ़ने दें। हर तीसरे/चौथे महीने में छँटाई करते रहें और अवशेष को हरी खाद के रूप में प्रयोग करें। पत्तियों आदि की कटाई के बाद इन्हें मिट्टी में मिला दें अथवा मल्च के रूप में प्रयोग करें।

**मिट्टी का जैविक में रूपान्तरण**

**रसायनों के प्रयोग पर रोक** - यह सर्वविदित है कि कुछ मृदा जन्य जैविक प्रक्रियाऐं जैसे जैविक नत्रजन स्थिरीकरण इत्यादि पर रसायन प्रयोग का विपरीत प्रभाव होता है। मृदा वैज्ञानिक हमेंशा सावधान करते हैं कि रसायनों का असंतुलित प्रयोग टालते हुए अधिक से अधिक जैविक खाद का प्रयोग करें, अन्यथा सूक्ष्ममात्रिक पोषक तत्वों की कर्मी का खतरा उत्पन्न हो सकता है। इसी कारण जैविक खेती में किसी भी प्रकार के रसायनों के लिए कोई स्थान नहीं है।

**न्यून/कम आदान विकल्पः-** प्रथम वर्ष में विभिन्न अवस्थाओं वाली तीन भिन्न-भिन्न प्रकार की दलहनी फसलों की बुवाई करें जैसे मूँग (६० दिन), चौला या सोयाबीन (१२० दिन) तथा अरहर (१५० दिन से अधिक)। २.५ टन प्रति एकड की दर से कम्पोस्ट व वर्मीकम्पोस्ट मिश्रण (२ : १) को ४ किलो एजोटोबैक्टर ४ किलो फास्फोरस घोलक जीवाणु खाद (Phosphate solubilizing bacterial biofertilizer) या ४ किलो मिश्रित जीवाणु खाद के साथ बुवाई के समय नालियों में या मिट्टी में समान रूप से मिला दें। दलहनी बीजों को राइजोबियम जैव उर्वरक से उपचारित करें।

बुवाई के बाद पूरी सतह को फसल व अन्य पौध अवशिष्ट से ढ़क दें (मल्चिंग)। जैव अंश फैलाने के पश्चात् प्रति एकड़ २०० लीटर तरल खाद (जीवामृत या संजीवक) का छिड़काव करें। अंकुरण पश्चात पौधे इस परत से उपर आ जायेंगें। यदि मिट्टी की उर्वरता बहुत ही कम है तो लगभग ३०० किलो रॉक फास्फेट को कम्पोस्ट में मिलाकर प्रयोग करें। २५-३० दिन बाद तरल खाद (जीवामृत या संजीवक) की दूसरी खुराक सिंचाई के साथ दें।

जैव विविधता बढ़ाने के लिए प्रति एकड़ १०० पौधे गैंदे (Marigold) या लाल अम्बाडी (Hibiscus subderiffa) के पूरे खेत में फैलाकर लगा दें। घर के उपयोग हेतु कुछ सब्जी वाले पौधे जैसे मिर्च, टमाटर, बैंगन, अदरक, हल्दी इत्यादि भी फैलाकर जहाँ भी स्थान हो वहाँ लगा दें।

केवल फलियाँ/फल या दानें ही निकालें तथा शेष पूरे अवशेष को मल्चिंग के रूप में प्रयोग करें। फैलाने से पूर्व या बाद में इस अवशेष पर तरल खाद (जीवामृत या संजीवक) का छिड़काव अवश्य करें। कम आयु की फसल कटाई के बाद जो जगह खाली हुई है उसमें हरी पत्ती वाली सब्जियाँ जैसे मेथी, पालक व धनियां इत्यादि २-३ कतारों में लगा दें तथा बुवाई पश्चात् सतह को मल्च कर दें।

दूसरी ऋतु में प्रति हैक्टेयर २.५ टन कम्पोस्ट/वर्मी कम्पोस्ट का प्रयोग करें तथा धान्य फसल दलहनी फसल के साथ अंतः फसल अथवा सहयोगी फसल के रूप में बोयें। कटाई पश्चात् दलहनी फसल का पूरा तथा धान्य फसल का अनुपयुक्त भाग मल्च के रूप में प्रयोग करें। यदि सिंचाई उपलब्ध हो तो गर्मियों में दलहनी फसल के साथ, हरी सब्जियों की फसल लें। समस्त फसल अवशेषों का मल्च रूप में पुनर्चक्रण करें। प्रत्येक फसल के दौरान ३-४ बार तरल खाद का मृदा में प्रयोग करें। मिट्टी अब जैविक खेती हेतु तैयार है।

**High input alternative** – Incorporate per acre, 2.5-3.0 ton compost/ vermicompost or 1.5 ton of biodynamic compost, 500 kg crushed oil cakes, 500 kg rock phosphate, 100 kg neem cake, 5 kg Azotobacter and 5kg PSB biofertilizer or 4 kg consortia of customized cultures in soil through broadcasting or by drilling in furrows below the seeds. Sow 3-4 types of different crops in strips. 40% crop stand should be of legumes. Randomly plant 100-150 marigold and vegetable seedlings for increased diversity. After harvest incorporate entire residue in soil or use as mulch after sowing of the next crop. For second crop also use similar quantities of manures. Use liquid manure (Jivamruta) @ 200lit/acre 3-4 times during cropping season along with irrigation water. For increased productivity 2-3 sprays of vermiwash or vermiwash+cow urine or Panchgavya can also be provided.

In fruit orchards cultivate 3-4 types of legume mixtures as mixed or intercrop in inter spaces along with adequate quantity of manures (as specified above). After pod/ grain harvest mulch the entire soil surface with the left over biomass and drench the biomass with 2 applications of Jivamruta.

After about 12-18 months the soil will be ready for organic cultivation of any crop combination. For next two-three years, along with any crop incorporate legumes as inter or companion crops. Ensure that crop residue always have at least 30% residue from legumes. Also treat crop residue with liquid manure before incorporating into soil or using as mulch.

**Multiple cropping**

Entire farm should have at least 8-10 types of crops at all the times. Each field/ plot should have at least 2-4 types of crops out of which one should be legume. In case if only one crop is taken in one plot then adjacent plots should have different crops. For maintenance of diversity and pest control randomly plant 50-150/acre vegetable seedlings for home consumption and 100 plants/acre of marigold (Genda) in all crop fields. Even high nutrient demanding crops such as sugarcane can also be grown with suitable combination of various legume and vegetable crops with optimum productivity.

**Crop rotation**

Crop rotation is the back bone of organic farming practices. To keep the soil healthy and to allow the natural microbial systems working, crop rotation is must. Crop rotation is the succession of different crops cultivated on same land. Follow 3-4 years rotation plan. All high nutrient demanding crops should precede and follow legume dominated crop combination. Rotation of pest host and non pest host crops helps in controlling soil borne diseases and pest. It also helps in controlling weeds. It is better for improving productivity and fertility of soil. Crop rotations help in improving soil structure through different types of root system. Legumes should be used frequently in rotation with cereal and vegetable crops. Green manure crops should also find place in planning rotations.

Under Network Project on Organic Farming (NPOF of ICAR) important cropping systems, which were found economically better or at par with conventional system at different experimental stations in the country are as follows:

- Soybean - Berseem/ Mustard/ chickpea at Raipur, Chattisgarh
- Tomato/ Cabbage – cauliflower – pea and maize – garlic at Bajaura, Himachal Pradesh
- Rice – wheat/ potato/ mustard/ lentil at Ranchi, Jharkhand
- Groundnut – rabi Sorghum, soybean – durum wheat, potato – chick pea, chillil+ Cotton and maize – chick pea at Dharwad, Karnataka
- Soybean – durum wheat/ mustard/ chick pea/ isabgol at Bhopal, M.P.

**अधिक आदान विकल्प** – प्रति एकड २.५-३.० टन कम्पोस्ट/वर्मी कम्पोस्ट या १.५ टन बायोडायनेमिक कम्पोस्ट ५०० कि.ग्रा. खली चूर्ण खाद, ५०० कि.ग्रा. राक फास्फेट, १०० कि.ग्रा. नीम खली तथा ५ कि.ग्रा. एजोटोबैक्टर व ५ कि.ग्रा. पी.एस.बी. या ४ किलो मिश्रित जैव उर्वरक मृदा में प्रयोग करें। ३-४ प्रकार की विभिन्न फसलों की पंक्तियों में बुवाई करें। ४० प्रतिशत फसल दलहनी होनी चाहिए। जैव विविधता बनाये रखने हेतु १००-१५० गेंदे व सब्जियों के पौधे पूरे १ एकड़ खेत में फैलाकर लगा दें, फसल कटाई बाद समस्त अवशेष व ठूँठ आदि को मृदा में दबा दें या अन्य फसल बोने के बाद मल्च के रूप में प्रयोग करें।

दूसरी फसल हेतु भी खाद की उतनी ही मात्रा का प्रयोग करें। २०० ली./एकड़ की दर से तरल खाद सिंचाई जल के साथ फसल सीजन के दौरान ३-४ बार प्रयोग करें। अच्छी उत्पादकता के लिए २-३ बार वर्मीवाश या वर्मीवाश-गोमूत्र मिश्रण या पंचगब्य का पौधों पर स्प्रे रूप में प्रयोग करें।

फल उद्यानों में फल वृक्षों के बीच में उपयुक्त मात्रा में कम्पोस्ट व जैव उर्वरक का प्रयोग करें तथा ३-४ प्रकार की दलहनी फसलें सहफसलों के रूप में लगायें। फलियॉ तोड़ने के पश्चात् शेष फसल अवशिष्ट को तरल खाद से उपचारित कर मल्च रूप में प्रयोग करें।

लगभग १२-१८ माह बाद किसी भी प्रकार के संयोजन के साथ मृदा जैविक खेती के लिए उपयुक्त हो जायेगी। अगले २-३ वर्षों तक किसी भी फसल के साथ अंतः या सहयोगी फसल के रूप में दलहनी फसलों को अवश्य लें। सदैव यह सुनिश्चित करें कि फसल अवशिष्ट में कम से कम ३० प्रतिशत भाग दलहनी फसल का हो। मृदा में दबाने अथवा मल्च रूप में प्रयोग करने से पूर्व फसल अवशेष का तरल खाद से उपचार अवश्य करें।

**बहु फसल प्रणाली**

जैविक खेती में एकल फसल का कोई स्थान नहीं है। फार्म में सदैव ८-१० प्रकार की फसलें रखनी चाहिए। प्रत्येक खेत में २-४ फसलें रहनी चाहिए जिसमें एक फसल दलहनी होनी चाहिए। यदि एक ही खेत में २-३ फसलें लेना संभव न हो तो आस पास के खेतों में अलग-अलग फसलें लगायें तथा जैव विविधता व नाशी जीव प्रबंधन के लिये घर में उपयोग हेतु ५०-१५० सब्जियों के पौधे तथा १०० पौधे गेंदा के प्रत्येक फसल खेत में फैलाकर लगायें। गन्ना जैसी अधिक पोषण की मांग करने वाली फसल भी उपयुक्त दलहनी फसलों तथा सब्जी फसलों के साथ उगाई जा सकती है और अच्छी उत्पादकता प्राप्त की जा सकती है।

**फसल चक्र**

फसल चक्र जैविक खेती का आधारभूत स्तंभ है। मिट्टी की उर्वरता बनाये रखने और प्राकृतिक सूक्ष्म जीव प्रक्रियाओं की निरंतरता में फसल चक्र का महत्वपूर्ण योगदान है। एक ही खेत में अलग-अलग फसलों को एक के बाद एक एक चक्र रूप में उगाने की प्रक्रिया को फसल चक्र कहते हैं साधारणतया ३-४ वर्ष का फसल चक्र अपनाना चाहिए सभी उच्च पोषण मॉग वाली फसलों के पहले और बाद में दलहनी फसल आधरित फसल क्रम रखना चाहिए। फसल चक्र में विभिन्न फसलों के समावेश से मृदाजनित रोग तथा अन्य नाशीजीवों और खरपतवार नियंत्रण में मद्द मिलती है। इससे उत्पादकता तथा मृदा उर्वरता दोनो में सुधार होता है। विभिन्न फसलों की जड़ों के फैलाव से मिट्टी की भौतिक अवस्था में भी सुधार होता है। सभी धान्य व सब्जी फसलों के साथ दलहनी फसलों का फसल चक्र में समावेश किया जाना चाहिए। समय-समय पर हरी खाद फसलों को भी फसल चक्र में स्थान देना चाहिए।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के ''जैविक खेती का नेटवर्क कार्यक्रम'' के अंतर्गत विभिन्न फसल तंत्रों हेतु कुछ फसल चक्र सफल एवं लाभकारी पाये गये हैं। अध्ययनों में पाये गये कुछ महत्वपूर्ण फसल चक्र क्षेत्रानुसार निम्नप्रकार हैं:

- सोयाबीन -बरसीम/सरसों/चना (रायपुर, छत्तीसगढ़)
- टमाटर/बंद गोभी - फूल गोभी - मटर व मक्का - लहसुन (बजौरा, हिमाचल प्रदेश)
- धान -गेहूँ/आलू/सरसों/मसूर (रॉची, झारखंड)
- मूँगफली -रबी ज्वार, सोयाबीन - गेहूँ, आलू-चना, मिर्च+कपास+मक्का - चना (धारवाड़, कर्नाटक)
- सोयाबीन - गेहूँ/सरसों/चना/इसबगोल (भोपाल, मध्य प्रदेश)

- Rice – durum wheat/ berseem, rice – potato – Okra and rice – garlic, sorghum – berseem, maize – berseem – maize + coepea and sorghum + cluster bean – oats-cowpea at Ludhiana, Punjab
- Maize – cotton, chillies – onion and brinjal – sunflower at Coimbatore
- Sorghum – pea – okra at Modipuram, Uttar Pradesh
- Carrot/ rice (pre kharif) – rice (kharif), potato/rice (pre kharif) – rice (kharif), tomato/ rice (pre kharif) – rice (kharif), French bean/ rice (pre kharif) – rice (kharif) at Umiam, Meghalaya

**Status of rich and live organic soil**

A fertile and live organic soil ideally should have organic C between 0.8-1.5%. At any point of time it should have adequate quantity of dry, semi decomposed and fully decomposed organic matter for the use of micro-flora and fauna. Total microbial load (bacteria, fungi and actinomycetes) should be above 1 x $10^8$ /gm of soil. There should be at least 3-5 earth worms/cubic ft of soil. There should be enough quantity of small life forms and insects such as ants etc.

**Seed/ Planting material Treatment**

In organic management, protection measures are used only in the case of problematic situations. Use of disease free seed stock and resistant varieties is the best option. There is no standard formulation or treatment methodology, available as on today, but farmers use different methods. Few of such innovative seed treating formulations are as follows:

- Hot water treatment at 53$^0$C for 20-30 min.
- Cow urine or cow urine-termite mound soil paste
- Beejamrut
- Asphoetida 250gm in one lit. of water for 10 kg seed
- Turmeric rhizome powder mixed with cow urine
- Panchgavya extract
- Dashparni extract
- *Trichoderma viride* (4gm/kg seed) or *Pseudomonas fluorscens* (10gm/kg seed)
- Biofertilizers (Rhizobium/ Azotobacter +PSB)

**Preparation of Beejamruta –** Put 5 kg fresh cow dung in a cloth bag and suspend in a container filled with water to extract the soluble ingredients of dung. Suspend 50 g lime in 1 lit water separately. After 12 – 16 hours squeeze the bag to collect extract and add 5 lit cow urine, 50 gm virgin forest soil, lime water and 20 lit water. Incubate for 8-12 hours. Filter the contents. The filtrate is used for seed treatment.

**Manuring and soil enrichment**

During conversion period, soil fertility can be improved and maintained initially through use of organic inputs like well decomposed organic manure/ vermicompost, green manure and biofertilizers in appropriate quantity. These organic inputs are used for feeding the soil. Well fed healthy soil rich in microflora and microfauna takes care of the crop nutrient requirement. Plant biomass, FYM, Cattle dung manure, enriched compost, biodynamic compost, Cow-pat-pit compost and vermicompost are key sources of on-farm inputs. Among off-farm inputs, important components are non-edible oil cakes, poultry manure, biofertilizers, mineral grade rock phosphate and lime etc.

Lopping from Glyricidia and other plants grown on bunds, on-farm produced compost and vermicompost, animal dung and urine and crop residue should form the major source of nutrient and concentrated manures such as crushed oil cakes, poultry manure, vegetable market waste compost and other novel preparations such as biodynamic formulations etc can be used in appropriate quantity.

- धान - गेहूँ/बरसीम, धान-आलू-भिंडी तथा धान - लहसुन, ज्वार - बरसीम, मक्का - बरसीम - मक्का+चौला, ज्वार+ग्वार - जई -चौला (लुधियाना, पंजाब)
- मक्का -कपास, मिर्च -प्याज तथा बैंगन - सूर्यमुखी (कोयम्बटूर, तमिलनाडु)
- मक्का -मटर - भिंडी (मोदीपुरम, उत्तर प्रदेश) गाजर/धान (खरीफ पूर्व) - धान(खरीफ), आलू/धान -धान/टमाटर/धान-धान/फ्रैंच बीन/धान - धान (उमियम, मेघालय)

**समृद्ध तथा जीवंत मृदा**

